हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .6 डिग्री
न्यूनतम 24 .3 डिग्री

11 35वीं जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में छात्रों का चयन



12 अनाज मंडी पहुंची पीआर धान की खेप, किसानों के मिलर्स पर कम कीमत देने के आरोप



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालत में छत से गिरा युवक, मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना की वाल्मीकि कॉलोनी में छत से गिरने से मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी। हरदोई यूपी हाल वाल्मीकि बस्ती बहालगढ़ में किराए रहने वाला आकाश मजदूरी का काम करता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह कमरे की छत पर टहल रहा था। इसी दौरान छत से गिर गया। उसे अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पड़ोसी ने महिला पर किया हथियार से हमला

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में एक महिला पर उसके पड़ोसी युवक ने तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पीड़िता ने बयान में बताया कि उसका पड़ोसी युवक के साथ विवाद था। युवक नअचानक उस पर तेज धारदार हथियार से हमला कर मौके से फरार हो गया। फिलहाल घायल महिला का इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ने महिला स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

# 101 सड़क बनेंगी, 225 गांवों में लगाई जाएंगी स्ट्रीट लाइटें

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोनीपत को कई बड़ी सौगातें, मंत्री कृष्ण लाल पंवार बोले, प्रदेश में ग्रामीण ढांचे को मजबूत बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा में ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिले को महिला सांस्कृतिक केंद्र, इनडोर जिम, योग एवं व्यायामशालाओं की सौगात मिली है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान खेत सड़क योजना के तहत 101 नई सड़कों का निर्माण और 225 गांवों की फिरनियों पर स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य शुरू हुआ है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी नई पहल की गई, जिसके तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान और 8वें पोषण माह के अंतर्गत आयोजित किया गया।

गांवों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए अब तक 695 गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं और 588 ग्राम पंचायतों की कच्ची फिरनियों को 237.64 करोड़ रुपये की लागत से पक्का किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना और उन्हें फिटनेस व सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना ही हरियाणा को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के तहत ओमवती और ओमी को कार्ड प्रदान किए गए। भिगान गांव की सरपंच सुनीता को लिंगानुपात सुधार में योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जबकि कैंसर से उबरी एक महिला को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।





### पंचायत मंत्री बोले

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में शुरू की गई ये परियोजनाएं महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को नई दिशा देंगी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, विधायक देवेंद्र कादियान, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका दहिया, मेयर राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामीण विकास में देश में सबसे अग्रणी हरियाणा

विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि हरियाणा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी है और पंचायत संस्थाओं की सक्रियता से समृद्ध गांव और सशक्त हरियाणा का सपना जल्द ही साकार होगा।

### सीएम से मिलने जा रहे आप नेता को रोका

**सोनीपत।** आप पार्टी सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र गौतम को आज मुख्यमंत्री से मिलने जाते समय पुलिस ने एनएच-44 पर रोक लिया। वे समस्याओं का मांगपत्र लेकर जा रहे थे। आप ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और जनता की आवाज दबाने का प्रयास बताया है।



उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था, टूटी सड़कों, गंदगी, भ्रष्टाचार और गरीबों के अधिकारों से जुड़े सवाल मुख्यमंत्री से पूछे। पीजीआई रोहतक व नागरिक अस्पताल सोनीपत में पीआईसीयू सुविधा की कमी, चार्जशीटेड अधिकारियों की तैनाती, अस्पतालों में अव्यवस्था, नगर निगम व तहसील दफ्तर में भ्रष्टाचार, टूटी सड़कों, कचरे के ढेर और राशन कार्ड कटने जैसी समस्याओं को लेकर जवाब मांगें।

## मेरठ से पेपर देकर आ रहे शिक्षक की कार व मोबाइल छीना, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ शौच के लिए रूकने पर दो बदमाशों ने की वारदात

मुरथल थाना क्षेत्र में मेरठ से पेपर देकर लौट रहे अध्यापक से कार, मोबाइल छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर दो बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मतलौडा निवासी विजय पाल ने बताया कि वह 20 सितंबर को मेरठ पेपर देने के लिए अपनी कार में गया था। वहां से वापस लौट रहा था। वह नांगल फ्लाई ओवर के पास शोच के लिए रूक गया। उसी दौरान दो युवक उसके पास आए। उसे धक्का देकर गाड़ी लेकर फरार हो गए। अपने स्तर पर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका।

आरोपित उसका मोबाइल व गाड़ी के अंदर रखे जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## अलग-अलग मामलों में चार युवक-युवतियां संदिग्ध हालात में लापता, पुलिस जांच में जुटी

**सोनीपत।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार युवक-युवतियों के संदिग्ध हालात में लापता होने के मामले सामने आए है। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात लोगों पर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। पहला मामला कुंडली थाना क्षेत्र का है, जहां लक्ष्मी डेरी पर काम करने वाला 18 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों का कहना है कि युवक का कोई सुराग नहीं लग रहा है और उन्हें आशंका है कि किसी ने उसे जबरन बंधक बना लिया है।

दूसरे मामले में, कुंडली थाना क्षेत्र की ही वर्धमान कॉलोनी से 16 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालत में गायब हो गया। उसके परिवार वालों ने थाने में शिकायत देकर उसकी सुरक्षित बरामदगी की मांग की है।

तीसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। राजेंद्र नगर इलाके से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर बंधक बनाकर ले जाने का आरोप लगाए हैं।

## सड़क पर खड़े ट्रैक्टर से टकराया ट्रक ट्रैक्टर में बैठे एक किशोर की गई जान

हहरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

### पिता के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर घर गांव बडवासनी लौट रहा था अमन

सदर थाना क्षेत्र के बड़वासनी में सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्राली में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में टैक्टर पर बैठा किशोर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपकर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

■ मूल रूप से यूपी के सुल्तानपुर का रहने वाला अमन

सुल्तानपुर युपी निवासी अरूण ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। अपने बेट के अमन (13) के साथ बवाना दिल्ली से बड़वासनी आ रहा था। गांव बड़वासनी के पास सड़क पर ट्रैक्टर को रोककर शौच करने लगा। उसका बेटा ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में उसका बेटा घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी नीरज ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपित ट्रक चालक को काबू कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## वाशिंग मशीन रिपेयर के नाम पर 2.98 लाख की ठगी, पंजाब से छह आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वाशिंग मशीन रिपेयर के नाम पर 2 लाख 98 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपितो को पंजाब से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनप्रीत, हरप्रीत, अक्षय, विलाश, दीपक और मनदीप उर्फ मोंटी के रूप में हुई है। उनके पास से 1 लाख रुपये बैंक खाते में फ्रीज, 9,700 रुपये नकद, 16 मोबाइल फोन और 31 चेकबुक बरामद की गई हैं। 28 जून को गांव नाहरा निवासी विरेंद्र ने शिकायत दी थी कि उनके पिता का खाता आईडीबीआई बैंक, मॉडल टाउन सोनीपत में है। 20 अगस्त को उनके घर की हेयर कंपनी की वाशिंग मशीन खराब हो गई, जिसके बाद उन्होंने गूगल पर हेयर सर्विस सेंटर का नंबर खोजकर कॉल की। कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जिस पर उसने जानकारी भर दी, लेकिन जब ऐप ने यूपीआई से 5 रुपये जमा करने को कहा तो उन्होंने प्रक्रिया रोक दी। फिर फोन गर्म होने और हैंग होने लगा। 22 अगस्त को फोन का सॉफ्टवेयर डलवाने के बाद 24 अगस्त को अचानक बैंक खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। कुल 2,98,931 रुपये काट लिए गए। विरेंद्र ने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छह आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। डीसीपी साइबर कुशल पाल सिंह ने यह जानकारी दी।



## आईआईएम की टीम ने उद्योगों से लिया फीडबैक

■ उद्यमियों से भविष्य की संभावनाओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी कार्यालय में सोमवार को आईआईएम रोहतक के प्रोफेसर एवं छात्रों की टीम का आगमन हुआ। इस दौरान टीम ने स्थानीय उद्योगपतियों के साथ बैठक कर उद्योग क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की। बैठक में जीएसटी, वित्तीय प्रबंधन, एचआर मैनेजमेंट सहित अन्य विषयों पर छात्रों ने जानकारी प्राप्त की और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। टीम ने जिला इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन अधिकारी भुषण के मार्गदर्शन में उद्योगों का दौरा भी किया। टीम ने इशान गुप्ता, हरीश कौशिक, हरिओम, सुनील जिंदल, निशांत गोयल और संजय मित्तल समेत कई उद्योगपतियों की यूनिट का अवलोकन किया।



### उद्योगों के लिए खुलेंगे नए द्वार

प्रधान नवीन कौशिक ने कहा कि इंडस्ट्री व एकेडमियों के सहयोग से भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिलेगी और स्थानीय उद्योगों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। एसोसिएशन के सचिव हरप्रीत सिंह ने कहा कि आईआईएम रोहतक की यह पहल उद्योगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## नकली घी की 28 पेटी के साथ एक काबू, घी किया जब्त

■ ऑटो में मिली अगल अलग ब्रॉड की पेटियां, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर थाना पुलिस ने आटो में 28 पेटी नकली घी के साथ आटो चालक गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान जींद के बीबीपुर निवासी जसबीर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

एएसआई संदीप को सूचना पुलिस ने सूचना के आधार पर पुराना बस स्टैंड पर नाकाबंदी करके जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक आटो रेलवे ओवरब्रिज की तरफ से आया। पुलिस ने उसे रुकवा लिया। आटो को जींद के गांव बीबीपुर का जसबीर चला रहा था। आटो में विभिन्न मार्का के घी के डिब्बे पेटियों में बंद थे। पुलिस ने एफएसओ डा. बिरेंद्र को बुलाया और घी की जांच की। घी नकली मिला। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया और आरोपित जसबीर को काबू किया। राजधानी फ्रेश देशी घी, राधा कृष्ण शुद्ध घी, हरियाणा उत्सव शुद्ध घी की 28 पेटी बरामद की।

## अस्थि विसर्जन से लौट रहे चचेरे भाइयों पर हमला, केस दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में यमुना नदी में अपनी ताई की अस्थियां विसर्जित करके लौट रहे दो चचेरे भाइयों पर हमला करने व सोने की चेन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव बसौदी निवासी सचिन ने बताया कि 21 सितंबर को वह अपने चचेरे भाई संजीत के साथ बाइक पर यमुना में अपनी ताई की अस्थियां विसर्जित करने गए थे। वापसी में यमुना के बांध पर लोकेश व उसके पिता ने रास्ता रोककर उनके साथ गाली-गलौच की। जब उन्होंने बचकर वहां से निकलने का प्रयास किया तो आरोपियों ने बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया7 इसके बाद आरोपियों ने उन पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए तथा झगड़े के दौरान आरोपी सोने की चेन भी अपने साथ ले गए। संजीत ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले हुए झगड़े की रंजिश में आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

■ ताई की अस्थियां लेकर यमुना पर गए थे बसौदी के संजीत व सचिन

## कार की टंकी करवाई फुल बिना पैसे दिए चालक फरार

■ जांच में क्रेटा कार पर मिला स्वीफट डिजाइर का नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रोहतक-पानीपत हाइवे पर सिरसाढ़ मोड के पर कार चालक पेट्रोल से गाडी की टंकी फुल करवाकर बिना पैसे दिए मौके से फरार हो गया। सदर पुलिस ने पेट्रोल पंप मैनेजर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव मुंडलाना के अमित ने बताया कि वह सिरसाढ़ मोड़ स्थित एक पेट्रोल पंर पर मैनेजर है। रविवार रात करीब नौ बजे पंप पर क्रेटा गाड़ी आई, जिसे एक युवक चला रहा था। युवक ने उसे गाड़ी की टंकी को फुल करने को कहा। उसने पेट्रोल से टंकी फुल कर 5,450 रुपये तेल डाल दिया। युवक ने उसे भुगतान के लिए डेबिट कार्ड दिया। जब वह पेटीएम मशीन उठाने लगा तो युवक डेबिड कार्ड उसके पास छोड़ गाड़ी के साथ फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब आनलाइन जांच की तो नंबर क्रेटा की जगह स्विफ्ट का मिला। डेबिट कार्ड किस व्यक्ति का इसका पता लगा रही है।

## जाखौली बैंक के कर्मी ने महिला के खाते से लाखों रुपये निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना के गांव जाखौली में यूको बैंक के कर्मचारी द्वारा एक महिला के खाते से लाखों रुपये निकालने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव पवसरा निवासी किरण ने बताया कि उसका जाखौली के यूको बैंक में खाता है। 2024 में उसके साथ से साढ़े चार लाख रुपये बैंक में तैनात कर्मी ने निकाल लिए। जब उसे पता चला तो मामले को लेकर वह बैंक में पहुंची कर्मचारी ने उसे रुपये वापस देने का आश्वासन दिया, लेकिन दिए नहीं। उसने पुलिस को शिकायत । जब कार्रवाई नहीं हुई तो अदालत की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया है।

### पैसे लौटाए, ब्याज पर विवाद

पुलिस का कहना है कि बैंक कर्मी ने एक लाख रुपये महिला के खाते में डाले व बाकी नकद लौटाए। पुलिस का कहना है कि बैंक कर्मी ने खुद के खाते से एक लाख व बाकी दूसरे खातों से महिला के खाते में डाल दिए थे। ब्याज पर दोनों में मौखिल समझौता हुआ था। महिला ने कोर्ट में बैंक कर्मी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाबा धाम के पीछे से हटेगा कूड़ा डंपिंग पॉइंट

■ लोगों ने विधायक निखिल मदान को सौंपा ज्ञापन, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सब्जी मंडी रोड पर बाबा धाम के पीछे बनाए गए कूड़े के डंपिंग स्टेशन को वर्तमान स्थान से स्थानांतरित करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक निखिल मदान से उनके कार्यालय पर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर पार्षद हरि प्रकाश सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे। लोगों ने कहा कि बाबा धाम के पीछे कूड़ा डंपिंग यार्ड बनने के बाद से ही वो लोग लगातार परेशानी का सामना कर रहे हैं। खुले में डंपिंग यार्ड बनने से हर समय बदबू आती रहती है, कई बार कूड़े का उठान नहीं होता है और कूड़ा सड़कों पर पड़ा रहता है। इसके चलते कॉलोनी के हर घर में बड़े बुजुर्ग और बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। आसपास में स्कूल होने के कारण बच्चों को भी आने जाने में परेशानी होती है।

बरसात में कूड़ा पड़े रहने के कारण बदबू का सामना करना पड़ता है। साथ ही बाबा धाम मंदिर के पास होने के कारण उनको मंदिर आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर लोगों ने अपना ज्ञापन विधायक को सौंपा। इस मौके पर निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी,राम प्रसाद सैनी, लखी राम सैनी, मनोज, शशि, भुल्लर, ईश्वर, मुकेश मान सिंह, कृष्ण, सुरेश मौजूद रहे।



### विधायक ने निगमायुक्त से की बात

विधायक निखिल मदान ने मौके पर ही निगम आयुक्त हर्षित कुमार से बात करके डम्पिंग यार्ड को बाबा धाम के पीछे से हटाने और ग़ैर रिहायशी इलाक़े में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। विधायक निखिल मदान ने कहा कि जल्द ही नगर निगम के ग़ैर रिहायशी इलाक़े में इस डंपिंग यार्ड को शिफ्ट किया जाएगा।

## डेंगू और मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

# जिले में डेंगू के 56 और मलेरिया के 15 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में डेंगू और मलेरिया के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। अब तक डेंगू के 56 और मलेरिया के 15 मरीज सामने आ चुके है। इसके अलावा जिले में चिकनगुनिया के तीन मरीज भी मिले है। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए विभाग द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे है।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. आशा सहरावत ने बताया कि विभाग की टीमें लगातार फील्ड में काम कर रही है। जलभराव वाले क्षेत्रों में कीटनाशक का नियमित छिड़काव किया जा रहा है, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। डा. आशा ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के उपाय बता रहे है। उन्होंने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि घरों और आस-पास पानी जमा न होने दें।





**सोनीपत।** तालाब में दवाई डालते हुए और फ्रीज में लारवा की जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

### तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर से करवाएं जांच

उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, या उल्टी जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे लापरवाही न बरतें और विभाग के साथ सहयोग करें, ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
10
रोहतक, मंगलवार 23 सितंबर 2025
हरिभूमि सहेली

नवरात्र विशेष





आवरण कथा
मोनिका शर्मा

# व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।

**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है।



### नेह-सम्मान का साझा भाव

**बेटियां समाज** की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ास और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।





## नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन
# सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान
अनिता जैन, वास्तुविद

मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जौ समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रृंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु में पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं।

### देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधारहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति
सरस्वती रमेश

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

# परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी परवाह और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।



**सबकी परवाह करती हैं:** पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं यदि खो गई हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें।

### बेटी दिवस का संदेश

बेटियां माता-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप
ललिता गोयल

# मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।

**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।



**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाए।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें।

(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

मेडिकल एडवाइस
डॉ. संजय कुमार चुग
एचओडी-कॉर्डियोलॉजी
नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट-डे, 29 सितंबर

बिगड़ते लाइफस्टाइल, अनहेल्दी फूड हैबिट, ओवर वर्कप्रेशर और अन्य कई कारणों से अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में हार्ट डिजीज से ग्रस्त हो रही हैं। इसके कारण, प्रमुख लक्षण और बचाव के बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# तब आपका हार्ट रहेगा हेल्दी



आज के दौर में अनहेल्दी डाइट और गलत लाइफस्टाइल के कारण पुरुषों से अधिक महिलाओं में हार्ट डिजीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भी हार्ट डिजीज महिलाओं में मौत का प्रमुख कारण बन चुका है, जो पुरुषों की तुलना में अब और भी ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

**प्रमुख कारण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के केसेस बढ़ने के कई कारण हैं। खान-पान पर जरूरी ध्यान ना दिया जाने के अलावा मोटापा भी हार्ट डिजीज का कारण बन सकता है। हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं में मोटापे की दर 40% से अधिक हो चुकी है। मॉडर्न लाइफस्टाइल के कारण महिलाएं अपनी डाइट और हेल्थ-फिटनेस का ध्यान नहीं रख पाती हैं। खासतौर पर डेस्क जॉब करने वाली वर्किंग वूमेन, जो लंबे समय तक इनएक्टिव रहती हैं, अगर वे रेग्युलर एक्सरसाइज न करें तो भी हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड बढ़ने से जॉब करने वाले प्रोफेशनल्स (पुरुष के साथ महिलाएं भी) को 8 घंटे के बजाय 12-14 घंटे तक लगातर काम करना पड़ता है। हाई प्रेशर जॉब और कम समय में टारगेट पूरा करने जैसी स्थिति में तनाव-हाइपरटेंशन से शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह भी हार्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर, नूडल्स जैसे जंक फूड खाना भी हार्मफुल है। इसके साथ ही स्मोकिंग एल्कोहल जैसी चीजों का सेवन करने से भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, जो हार्ट को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी वजह से 50 वर्ष की आयु के बाद अनेक महिलाओं में हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो जाता है। इसके साथ ही शुगर और थायरॉइड की समस्या भी हार्ट डिजीज के कारणों में से एक है।



**प्रमुख लक्षण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जिसके कारण इसके लक्षणों को पहचानने में देरी हो जाती है। महिलाएं इसके लक्षणों को सामान्य थकान या पाचन संबंधी समस्या समझ लेती हैं। आमतौर पर उन्हें सीने में तेज दर्द के बजाय हल्का दर्द, दबाव, जलन या भारीपन महसूस होता है, जो बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। सांस लेने में तकलीफ, सांस फूलना, चक्कर आना, अचानक ज्यादा थकान महसूस होना, जी मिचलाना, उल्टी, पेट में दर्द, नींद न आना, चिंता, घबराहट, ठंडा पसीना या अनियमित धड़कन का तेज होना, इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। यदि ये लक्षण 20-30 मिनट से अधिक रहें, तो तुरंत डॉक्टर से सहायता लें। महिलाओं में हार्ट डिजीज अकसर 'साइलेंट' होता है।

**बचाव एवं उपचार:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कॉर्डियो वैस्कुलर डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अपनी डाइट में मौसमी फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और हर तरह की दालों को शामिल करें। नमक, चीनी, घी, तेल और मिर्च-मसालों का सीमित इस्तेमाल करें। नियमित रूप से योग, व्यायाम और एक्सरसाइज करें। स्विमिंग भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी एक्टिविटीज की वजह से वजन और ब्लडप्रेशर कंट्रोल रहता है, जो हार्ट डिजीज से बचाव में मददगार साबित होता है।

प्रस्तुति: विनीता कुमारी

## खबर संक्षेप

### कला एकीकरण संग कौशल दक्षता सेमिनार

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में सोमवार को इन हाउस सेमिनार के अंतर्गत एकेडमी के सभी अध्यापकों ने हिस्सा लिया। सेमिनार का मुख्य विषय कला एकीकरण व कौशल संवर्धन था। सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रणव हुड्डा एवं ज्योति रानी रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा जी व निदेशिका रीमा शर्मा के साथ प्रधानाचार्या चंचल शर्मा उपस्थिति रही।सेमिनार में विभिन्न अध्यापकों ने विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों में भाग लिया व कला एकीकरण के विभिन्न तरीकों को जाना और समझा। प्रधानाचार्या चंचल शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कला एकीकरण शिक्षण और सीखने का एक दृष्टिकोण है।

### कइयों ने थामा इनेलो पार्टी का दामन

**खरखौदा।** इनेलो के लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व एसपी द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया के नेतृत्व में सिलाना, सिसाना, फरमाना, बखेता आदि गांवों के बड़ी संख्या में युवकों ने इनेलो में आस्था दिखाते हुए सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनजीत, आकाश, विशाल, सुंदर ,नितिन, रवि, संजू, सचिन, साहिल, राहुल आदि के नाम शामिल हैं। इनेलो नेता अनूप दहिया ने सभी को पटका व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। अपने हकों की मांग को लेकर किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी धरना प्रदर्शन कर रहे है।

### भगवान वाल्मिकी प्रकट दिवस पांच को होगा

**गोहाना।** इसराना हलके में 5 अक्तूबर को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह आयोजित होगा। इस समारोह का इसराना हलके में अभी स्थान निश्चित नहीं हुआ है। सोमवार को बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल के गोहाना में बरोदा रोड स्थित कार्यालय में आयोजित सभा में समाज के लोगों को इस समारोह का निमंत्रण दिया गया। भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह के लिए संयोजन इसराना हलके से पूर्व विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि का रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। रघुवीर जागसी, बंसी वाल्मीकि, जिला पार्षद रवि इंदौरा, जगशेर नूरनखेड़ा, अमित मौजूद रहे।

### फाइनल मैच में फ्रैंडस इलेवन यूसीसी टीम को 6 विकेट से हराया

# गोल्डन स्टार सीजन 4 का फाइनल यूनिक गोल्डन स्टार टीम ने जीता

### दीपक मलिक मैच के मैन ऑफ द और अनिकेत मैन आफ द सीरीज रहे

**19वें ओवर में 4 विकेट पर 160 रन बनाकर मैच जीता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में गोल्डन स्टार सीजन 4 का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में यूनिक गोल्डन स्टार टीम ने फ्रैंडस इलेवन यूसीसी टीम को एकतरफा मुकाबले में 6 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए फ्रैंड्स इलेवन टीम ने 22 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाए , दीपक भारद्वाज ने 44 रन व सुरेश पंघाल ने 26 रन बनाये, दीपक मलिक ने 3 विकेट व अजय गोयल ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूनिक गोल्डन स्टार टीम ने रविंद्र मास्टर के 52 व प्रदीप फौगाट के 50 रनों की सहायता से 19वें ओवर में 4 विकेट पर 160 रन बनाकर मैच जीत लिया । दीपक मलिक फाइनल मैच के मैन ऑफ द बने। अनिकेत धनखड़ को मैन आफ द सीरीज व सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा दीपक मलिक को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन दीपक गोयल ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर दीप धनखड़, सुनील काकोदा, अरूण मलिक, गुरमेल आदि मौजूद रहे।




**गन्नौर।** यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन दीपक गोयल विजेता टीम को ट्राफी देते हुए।



**गोहाना।** पदक विजेता समर्थन को आशीर्वाद देते मुख्य अतिथि अरुण बड़ौक।



**राई।** स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन गुप्ता व कोच चयनित छात्रों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### रूकमणि देवी स्कूल के खिलाड़ी छाए

**राई।** रूकमणि देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों का मणिपाल, टुलु अकादमी ऑफ इंस्टिट्यूट, मणिपाल (कर्नाटका) में आयोजित 35वीं जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में 6 छात्रों का चयन हरियाणा टीम में हुआ। चयनित खिलाड़ियों में नितिन, अंकित, आदित्य, निकुंज, लविश शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की थ्रो बाल के सचिव संजीत राठी ने सराहना की। विद्यालय के कोच विनित दहिया ने छात्रों को अभ्यास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के खिलाड़ी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय का नाम ऊंचा करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाते हैं, उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

### मुक्केबाजी में समर्थ ने जीता रजत

**गोहाना।** सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में बॉक्सिंग क्लब गोहाना के बाल मुक्केबाज समर्थ ने द्वितीय स्थान पर रहते हुए रजत पदक पर अपना कब्जा कर लिया। सोमवार को समर्थ का बॉक्सिंग क्लब में नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अरुण बड़ौक रहे। अध्यक्षता क्लब के बॉक्सिंग कोच विकास मलिक ने की। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सैकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समर्थ ने इन खेलों में अंडर-14 आयु वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक कब्जा लिया। समर्थ की इस उपलब्धि को लेकर बॉक्सिंग क्लब में खुशी का माहौल है। खिलाड़ी के सम्मान समारोह में कुलदीप मान, रणबीर सैनी, अनिल पूनिया, सुंदर सैनी, बंटी मलिक और वतन मलिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने समर्थ को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**सोनीपत।** नोविका को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# हिंदू कॉलेज की कैडेट नोविका ने फायरिंग में कब्जाया सिल्वर

- हिंदू गर्ल्स कॉलेज में पकद विजेता का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर रोहतक के बहुअकबरपुर निवासी नोविका ने ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप, नई दिल्ली की फायरिंग प्रतियोगिता में 40/40 अंक प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

कॉलेज वापसी पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन नीतू नसीयर दूहन, प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल और उप-प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कैडेट सोनिया, नजुक, प्रियांका, कनिका, मुस्कान, रोनिका, शिवानी, नेहा, अन्नू, अर्पिता, संजना, कीर्ति, समीक्षा, टीना और मानसी ने भाग लिया। रैंक सेरेमनी में नोविका को सीनियर अंडर ऑफिसर, शिवानी को अंडर ऑफिसर, आरजू को क्वार्टर मास्टर सार्जेंट तथा नेहा, शीतल और दिशा को सार्जेंट रैंक प्रदान किए गए। कैप्टन नीतू ने बताया कि कैंप में देशभर से 1,547 कैडेट्स ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. विपाशा और उप-प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल ने नोविका की उपलब्धि को गर्व का क्षण बताते उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### भगत सिंह की याद में 28 को सभा

**सोनीपत।** महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर को रोहतक के मानसरोवर पार्क में उनकी याद में क्रांतिकारी नौजवानों के संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन एआईडीवाईओ की ओर से सभा की जाएगी। जिसको लेकर एआईडीवाईओ के पदाधिकारियों ने बैठक की। बैठक में देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस समय देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न जैसी समस्याओं से देश जूझ रहा है। उन्होंने रोहतक में होने वाली सभा में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की।

# निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजी : पंवार

### रोल बॉल स्टेट चैंपियनशिप में पूर्व विधायक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

- कभी भी खिलाड़ी और टीम को निराश नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि निरंतर अभ्यास करने वाला खिलाड़ी हर हाल में सफल होगा। खेल में हार-जीत होती रहती है, कभी भी खिलाड़ी व टीम को निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर अभ्यास ही सफलता की असली कुंजी है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने एक निजी स्कूल में चतुर्थ सब जूनियर हरियाणा रोल बॉल स्टेट चैम्पियनशिप में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज के दौर में रोल बॉल खेल के युवाओं की पसंद बनता जा रहा है, क्योंकि इस खेल में एक तरफ सुनहरा करियर है दूसरी तरफ यह खेल शारीरिक रूप से यूथ को फिट रखता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज यदि हार है तो कल जीत अवश्य मिलेगी। इसलिए खिलाड़ी हार जीत की फिक्र न करते हुए हमेशा अपने लक्ष्य की तरफ अग्रसर रहे।



**सोनीपत।** पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार का बुकें भेंट कर स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारिगण। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

एसोएसिशन की तरफ से मुख्यातिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र पवांर, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र छिक्कारा, पवन गर्ग प्रधान को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र छिक्कारा, पवन गर्ग प्रधान, रणबीर सिंह, मनीष नैन कोच, विपिन, प्रवीन वर्मा, मास्टर दिलबाग, मिनाक्षी, प्रवीन कुमार सहित बड़ी तादाद में गणामन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया में शिवालिक स्कूल की ज्योति ने स्वर्ण पदक जीता

- स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश पहल व शिक्षकों ने किया छात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

खेड़ी गुर्जर रोड़ स्थित शिवालिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 12वीं कक्षा की पुरखास गांव की छात्रा ज्योति राठी ने खेलो इंडिया यूथ नेशनल अंडर-19 कबड्डी गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के उपरांत (सीमा सुरक्षा बल) में उच्च पद पर नियुक्ति मिली। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश पहल व शिक्षकों ने मेधावी छात्रा को चयन होने पर बधाई दी। पहल ने बताया कि छात्रा ने एकमात्र खिलाड़ी के रूप में खेलो इंडिया में प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। छात्रा की (सीमा सुरक्षा बल)में नियुक्ति होने पर उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



प्रधानाचार्य रमेश पहल व शिक्षक पदक विजेता छात्रा का स्वागत करते हुए।

### ये रहे मौजूद

रमेश पहल ने स्कूल के अन्य बच्चों को भी उससे सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्कूल संचालक अंग्रेज पहल, जोगेंद्र, अनिल कुमार, अध्यापिका पायल रोहिल्ला, मीनू, मोनिका वशिष्ठ, मनोज शास्त्री आदि परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# तीस ने कमाया रक्तदान का पुण्य

### भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 30 ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर के मुख्य अतिथि विजय जिंदल थे। अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की जबकि संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास ने किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में चाचा-भतीजा साहिल शर्मा और सचिन शर्मा, दो सगे भाई अमन सूरा और साहिल व आर्मी से अमरजीत सिंह ने रक्तदान किया।




**गोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथि एवं आयोजक।

### ये रहे मौजूद

नियमित रक्तदाताओं में रविंद्र खासा, सोमबीर सिहाग, हरपाल मलिक, विकास शर्मा, सचिन शर्मा, अनिल कुमार, रवि मोर, दिलबाग, जितेंद्र छिकारा और प्रदीप मलिक ने रक्तदान का पुण्य कमाया।



स्कूल के निदेशक अजय यादव चालकों के साथ अभियान की शुरूआत करते हुए।

### स्वच्छता को अपनाने के लिए किया प्रेरित

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में विश्व सफाई दिवस मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने मिलकर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। स्कूल के डायरेक्टर अजय यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यदि हम अपने घर, विद्यालय और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे तो एक बेहतर समाज और स्वस्थ भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत का संदेश देते हुए प्रतिदिन स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# छात्राओं का टैक्नो फेस्ट में दमदार प्रदर्शन

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रदर्शन कर कालेज का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने गेटवे टैक्नो फेस्ट-२०२५ जेनसेसन में दमदार प्रदर्शन करते विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रदर्शन किया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। संयोजक प्राध्यापिका कामिनी ने बताया कि गेटवे शिक्षण संस्थान ने तकनीकी ज्ञान से ओतप्रोत गेटवे टैक्नोफेस्ट का आयोजन किया, जिसमें जीवीएम की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। जीवीएम की छात्राओं ने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए सफल प्रदर्शन किया। जीवीएम की बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की युक्ति, बीबीए द्वितीय वर्ष की पारूल तथा बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की रिया ने टीम इवेंट ऐड-मैड शो में कालेज को प्रथम पुरस्कार दिलाया। इंस्टेंट प्रेजेंटेशन में जीवीएम की बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। सस्टेनेबल एनर्जी विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में जीवीएम की बीए द्वितीय वर्ष की पायल व निशिता ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। एसईओ स्प्रिंट एक्टिविटी में कालेज की बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की छात्राओं अनु व अंशु ने द्वितीय पुरस्कार दिलाया।




**सोनीपत।** प्रतियोगिता के लिये पहुंचीं प्रतिभागी छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**कार्यक्रम** मेयर ने महाराजा अग्रसेन जयंती पर हवन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

# महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत पर चलकर केंद्र व राज्य की सरकार गरीब का उत्थान कर रही: जैन

- कार्यकर्ताओं के साथ महाराज अग्रसैन चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महाराजा अग्रसेन जयंती पर पुरानी अनाज मंडी एवं अग्रसेन भवन में हवन यज्ञ एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के कार्यक्रम किए गये। जयंती की शुरुआत सुबह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ महाराज अग्रसैन चौक पर स्वच्छता अभियान के साथ नगर निगम मेयर राजीव जैन ने की। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत पर चलकर देश एवं राज्य की सरकार गरीब कल्याण एवं उत्थान में लगी हुई है। कहा कि जीएसटी दरों में सरलीकरण करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत पर चलकर व्यापार सुगम करने एवं गरीबों को सस्ती जीवन उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध कराने का रास्ता साफ किया है।



**सोनीपत।** महाराजा अग्रसेन को नमन करते मेयर राजीव जैन। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

राजीव जैन ने गन्नौर में महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा में शामिल होकर कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में समरसता, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान करने, वसुधैव कुटुंबकम, यज्ञ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं पशु बलि पर रोक लगाकर शाकाहार के सिद्धांत दिया। जयंती समारोह के अवसर पर टीका राम मित्तल, ओंकार दास गर्ग, राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, विहान गुप्ता, विकास मंगला, सुरेश गोयल, प्रदीप बंसल, प्रदीप गुप्ता, अनिल गोयल, संतोष गोयल, केडी गुप्ता, जगदीश राय गर्ग, जगदीश मित्तल, पवन अग्रवाल, अनीता गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, संजय सिंगला, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता, आशीष जिंदल, सूरज राय जैन, प्रमोद गुप्ता, दीपक गुप्ता, राजेंद्र कुच्छल आदि सैंकड़ो अग्र बंधु उपस्थित रहे।

# साउथ पॉइंट स्कूल में ज्ञान का सिद्धांत विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल में सीबीएसई द्वारा ज्ञान का सिद्धांत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें हिंदू विद्यापीठ से सोनिया पंवार और फ्री लांसर पंकज मुंजाल ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य भावना कालरा ने की। रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को बताया कि विद्यार्थियों को सिखाने के तरीकों को कैसे और आसान बनाया जा सकता है। शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियां करवाते बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाने के तरीके सुझाए गए।



आयोजित कार्यशाला में सीईओ भावना कालरा के साथ मौजूद रिसोर्स पर्सन व शिक्षक।

### अध्यापन पद्धति को अपनाने का संकल्प लिया

साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को विषय की गहराई समझाने के लिए कई तरह की गतिविधियों में शामिल किया। शिक्षकों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और नए दृष्टिकोण से अध्यापन पद्धति को अपनाने का संकल्प लिया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि ज्ञान का सिद्धांत केवल एक विषय नहीं, बल्कि सोचने और समझने का एक नया नजरिया है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि शिक्षक जब स्वयं सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं तो उनका आत्मविश्वास और क्षमता दोनों बढ़ती हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मंडी में पहुंचे, किसानों और व्यापारियों से की बातचीत

# नई अनाज मंडी पहुंची पीआर धान की खेप मिलर्स पर लगाए कम कीमत देने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत-खरखौदा रोड स्थित नई अनाज मंडी में इस सीजन में पहली बार पीआर धान की एक खेप पहुंची। मंडी में आने के बाद धान में नमी ज्यादा पाई गई, जिसके चलते उसे मंडी परिसर में सुखाया गया। हालांकि, किसान ने सरकारी एजेंसी को धान बेचने के बजाय प्राइवेट खरीददारों को बेचने का निर्णय लिया। जिले की अन्य मंडियों में अब तक पीआर धान की खेप नहीं पहुंची है। इसी बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मंडी पहुंचे और धान खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि मिलर्स औने-पौने दामों पर उनकी फसल खरीद रहे हैं।

किसानों का कहना था कि उनके आने की सूचना मिलते ही मिलर्स की ओर से धान की खरीद 3000 से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की गई, जबकि इससे पहले उन्हें इससे भी कम दाम की पेशकश की जा रही थी। वहीं किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि मिलर्स ने तौल कांटे छिपा रखे हैं, जिससे धान का सही वजन नहीं किया जा रहा।



सोनीपत। मंडी में किसानों के बीच पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल।



### उत्पादन लागत भी पूरी नहीं हो रही

*प्रदेश अध्यक्ष के सामने अपनी बात रखते हुए किसानों ने कहा कि पहले ही वे बारिश और बाढ़ की मार झेल चुके हैं, जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ। अब जब वे अपनी फसल मंडी में बेचने आते हैं तो मिलर्स उन्हें कम दाम देकर खरीदने की कोशिश कर रहे है। ऐसे में फसल उत्पादन पर आई लागत भी पूरी नहीं हो रही, जिससे किसान मजबूरी में अपनी फसल वापस गांव ले जाने को विवश है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने किसानों की समस्याएं ध्यान से सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार और प्राइवेट एजेंसियां दोनों ही मार्केट रेट से अधिक दाम पर धान खरीद रही है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां बाढ़ से फसलें नष्ट हुई हैं, वहां सरकार जल्द ही किसानों को उचित मुआवजा जारी करेगी। बड़ौली ने यह भी आश्वासन दिया कि जहां सरकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि अब तक नहीं पहुंचे हैं, वहां जल्द प्रतिनिधि तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और धान की खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाएगा।*



### 2 अक्टूबर तक चलेगा कृषि विभाग का सेवा पखवाड़ा : रविन्द्र दहिया

**खरखौदा।** कृषि एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन शर्मा के निर्देशानुसार खरखौदा खंड के गांव बरोना से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसकी अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी डॉ रविन्द्र दहिया ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कृषि एवं कल्याण विभाग की योजनाओं - मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत, प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, देशी कपास आदि के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। कृषि पर्यवेक्षक विकास कुमार, रघुराज दहिया, एफ एम साहिल दहिया व बागवानी विभाग से डॉ निखिल, पशुपालन विभाग से डॉ. अमित, डॉ. विनोद, डॉ. प्रवीन, मछली पालन विभाग से डॉ. संजय कुमार आदि ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं के बारे में किसानों विस्तार से जानकारी दी।



### गन्नौर मंडी में नहीं पहुंचते पीआर धान 1509 किस्म खरीद रही निजी एजेंसी

**गन्नौर।** धान की आवक मंडी लगातार हो रही है। अब तक मंडी में 1509 किस्म का लगभग 52 हजार क्विंटल धान मंडी में पहुंच चुका है। हालांकि 1509 किस्म की सरकारी एजंसियां खरीद नहीं करती। निजी फर्मों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार ने बताया कि उन्होंने बताया कि 1509 किस्म को 2650-3251 रूपये प्रति क्विंटल के भाव में खरीदा जा रहा है। सचिव शिव कुमार ने बताया कि गन्नौर अनाज मंडी में पिछले कुछ वर्षों से मंडी में पीआर किस्म के धान नहीं पहुंचे हैं। इस बार भी अभी तक किसी भी किसान ने मेरी फसल-मेरा ब्योरा पर पीआर किस्म के धान के लिए अपना पंजिकरण नहीं करवाया है, लेकिन प्रशासन ने अपनी तरफ से खरीद की पूरी तैयारी कर रखी है।

## जिलेभर में नवरात्रों की हुई शुरुआत

# पहले दिन हाथी पर सवार होकर आई मां शैलपुत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शारदीय नवरात्र का शुभारंभ भक्तिमय माहौल के बीच हुआ। प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त पर घरों और मंदिरों में घट स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। पहले दिन मां शैलपुत्री हाथी पर सवार होकर आई। भक्तों ने व्रत धारण कर माता रानी से परिवार और समाज की सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर, मॉडल टाउन का नवदुर्गा माता मंदिर और कैलाश कॉलोनी स्थित शिव धाम मंदिर सहित कई स्थानों पर भक्तों का तांता लगा रहा।

### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

*पहले दिन श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर मां शैलपुत्री का पूजन किया और शाम को महिला मंडलियों ने संकीर्तन कर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। अब मंगलवार को द्वितीय नवरात्र पर मां ब्रह्मचारिणी की आराधना होगी। देवी के इस स्वरूप को तप, त्याग, संयम और सदाचार का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से साधकों को सिद्धि, विजय और अनंत फल की प्राप्ति होती है।*

### श्रीचंडी मां महाकाली मंदिर में की पूजा



**सोनीपत।** शारदीय नवरात्र महोत्सव की शुरुआत सोमवार को मां शैलपुत्री के पूजन के साथ भक्तिमय वातावरण में हुई। श्री चंडी माँ महाकाली प्राचीन सिद्धपीठ कामी रोड सोनीपत में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माँ की विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती में शामिल होकर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रांगण को समिति की ओर से आकर्षक सजावट से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद वितरण, जलपान और अन्य व्यवस्थाएँ की गईं। इस अवसर पर प्रधान सेवक देवेंद्र कुच्छल, भगवान सिंगला, विपिन कुच्छल, नरेंद्र सिंह राठौड़, सचिन कुच्छल, नरेश शर्मा, अखिल कुच्छल, सतीश, राजेंद्र टानु सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हवाई फायरिंग करने वाले पांच आरोपी काबू

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने हवाई फायरिंग की घटना में शामिल पांच आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितो के कब्जे से दो अवैध पिस्तौल 315 बोर बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपित नवीन निवासी बहादुरगढ़, जिला झज्जर, आकाश निवासी कुमार गेट, सोनीपत, दीपांशु उर्फ पंडू निवासी लाल दरवाजा, सोनीपत, निक्की उर्फ नितिन निवासी लाल दरवाजा, सोनीपत और अमित उर्फ मिता निवासी महलाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाला युवक काबू

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शिवम निवासी कोट मोहल्ला, सोनीपत के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

*आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा*

# हाईवे लूटेरा गैंग का एक और सदस्य काबू, अदालत में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस ने हाईवे पर लूटपाट करने वाले कुख्यात गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नवीन निवासी बागपत, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार 24 जून को क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम को सूचना मिली थी कि एनएच-334बी, मेरठ-झज्जर रोड पर कुछ युवक हथियारों के साथ राहगीरों को लूटने की फिराक में है।

### दो देशी पिस्तौल और खोखा बरामद

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां चार युवक हथियारों सहित खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने गाड़ी रोकने का इशारा किया और टीम को लूटने की कोशिश की। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान एक युवक ने पुलिस पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। आरोपित की पहचान चांद उर्फ चांदा उर्फ पहलवान निवासी बिधल, गोहाना के रूप में हुई। उसके पास से दो देशी पिस्तौल और एक खोखा बरामद हुआ। वही पुलिस ने वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपितो को पहले काबू कर लिया था। उनके पास से देशी पिस्तौल, जिंदा कारतूस और 470 ग्राम चरस बरामद की गई। अब सहायक उप निरीक्षक विजय और उनकी टीम ने छठे आरोपित नवीन को भी दबोच लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# 'बाबा चुन्नीलाल' सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

- देवेंद्र कादियान ने गढ़ी केसरी में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को शहर के वार्ड-7 स्थित गढ़ी केसरी में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र की चारदीवारी निर्माण की शुरुआत की, जिसकी अनुमानित लागत 11.21 लाख है। इसके अतिरिक्त करीब 50 लाख रुपए की लागत से बाबा चुन्नीलाल नाम से एक नया सामुदायिक भवन भी निर्मित किया जाएगा। नवरात्र के पहले दिन को शुभ मानते हुए शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत एक छोटी बच्ची के हाथों नारियल फुड़वाकर करवाई गई। विधायक ने इसे बेटियों के सम्मान और संस्कृति की परंपरा से जोड़ा। विधायक कादियान ने अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान वार्ड-7 स्थित गढ़ी केसरी में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए।

### समाधान के निर्देश

अधिकतर मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कॉल कर समाधान के निर्देश दिए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा, महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र का विस्तार समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा। विकास और जनसेवा मेरी प्राथमिकता है, और जनता की हर समस्या का समाधान मेरी जिम्मेदारी है। इस मौके पर नपा सचिव प्रदीप खर्ब, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, कृष्ण, धीरा वाल्मीकि, अशोक, बलजीत वाल्मीकि, सत्ता पहलवान, सुनील पटवारी, जयकंवार त्यागी, शिवराज त्यागी, श्रेस त्यागी, राकेश पंडित, नितिन कौशिक, विकास त्यागी, अमित त्यागी, तरुण चुघ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मचारी 24 को गोहाना में देंगे धरना

*गोहाना। बिजली कर्मचारी 24 सितंबर को गोहाना में बरोदा रोड स्थित बिजली निगम के शहरी कार्यालय में धरना देंगे। यह धरना ऑल इंडिया हरियाणा पावर कारपोशन वर्कर यूनियन के बैनर तले दिया जाएगा। कर्मचारी नेता सुरेश यादव ने बताया कि फील्ड में शिकायत केंद्रों पर जिन एएलएम की ड्यूटी लगाई गई है उनको पूरा ज्ञान नहीं है। ऐसे में आए दिन हादसे हो रहे हैं।*

*नए भारत के निर्माण में स्वदेशी उत्पादों की होगी अहम भूमिका*

# जीएसटी सुधार से रफ्तार पकड़ेगी अर्थव्यवस्था : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि जीएसटी सुधार से देश की अर्थव्यवस्था और अधिक रफ्तार पकड़ेगी। नवरात्र व महाराजा अग्रसेन जयंती पर इस शुरुआत से मध्यम वर्ग मजबूत बनेगा और रोजगार व व्यापार की सभावनाएं बनने से छोटे उद्यमियों को भी फायदा होगा। वे सोमवार को भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, डॉ. धर्मबीर नांदल और प्रदीप सांगवान के साथ सिंचाई विश्राम गृह गोहाना में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे।



गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।


### मेक इन इंडिया अभियान को रफ्तार मिलेगी

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नागरिकों पर बोझ कम करने, व्यवसायों को मदद देने व अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाला नेक्स्ट जनरेशर जीएसटी रिफॉर्म आज लागू हो रहा है। जीएसटी सुधार के आगाज से मेक इन इंडिया अभियान को रफ्तार मिलेगी। आज प्रधानमंत्री का स्वदेशी विजन हर व्यक्ति का संकल्प बन गया है। इस मौके पर महेंद्र चिड़ाना, जितेंद्र शर्मा, सूरजमल शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, एडवोकेट संतराम वाल्मीकि और राजेश भावड़ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक के चहेते सरपंच विनोद बने भाजपा जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव गोपालपुर के सरपंच एवं दहिया गोत्रीय अठगामा के प्रधान विनोद दहिया को भाजपा ने पार्टी संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें भाजपा जिला युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक पवन खरखौदा ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि पार्टी में कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान है। सरपंच विनोद दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक पवन खरखौदा, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित पार्टी आलाकमान का आभार व्यक्त किया। साथ ही पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का भरोसा दिलाया।

### धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती



**गोहाना।** सोमवार को महाराजा अग्रसेन को उनकी जयंती पर याद किया गया। जयंती समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में पुरानी अनाज मंडी गोहाना स्थित महाराजा अग्रसेन चौक में आयोजित हुआ। समारोह में मोर्चा के सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता श्री दिगंबर जैन शिक्षा प्रचारिणी सभा जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन विश्व की उन महान विभूतियां में से एक थे जो अपने सर्वजन हिताय कार्यों द्वारा युगों-युगों के लिए अमर हैं। वे आदर्श शासन व्यवस्था, समाजवाद के प्रणेता गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा की पुजारी और शांति के दूत भी थे। वे अपने समय के सूर्य तथा प्रकाश स्तंभ थे। जयंती समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की। उन्होंने कहा महाराजा अग्रसेन केवल एक सम्राट नहीं थे बल्कि एक दार्शनिक, चिंतक और युग दृष्टा भी थे। समारोह में हर भगवान चोपड़ा, सतबीर पौडिया, मदनलाल अत्री, कृष्ण लाल ठेकेदार, सुरेश पंवार, राजेंद्र पांचाल, सुभाष शर्मा व सुरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्यक्रम** महाराजा अग्रसेन जयंती पर विधायक देवेंद्र कादियान ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ

# महाराजा अग्रसेन का जीवन आदर्शों से भरा युवाओं को लेना चाहिए प्रेरणा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में सोमवार को महाराजा अग्रसेन जी की 5179वीं जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, महिला इकाई और युवा इकाई गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। कादियान ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व बड़ा मंदिर में हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान मदन मित्तल, रेखा मित्तल, धीरज जैन, शुभांगी जैन बने।




गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान का अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, ईकाई के पदाधिकारी सम्मान करते हुए।

### अग्रसेन चौक के निर्माण की रखी मांग

शोभायात्रा तारा मैरिज पैलेस से आरंभ होकर महाराजा अग्रसेन चौक, नई अनाज मंडी गेट पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियां निकाली गईं, जिनमें अघोरी तांडव, राम दरबार, महाकाल, बाहुबली हनुमान,18 घोड़ों से सजे राजकुमार, कुलदेवी महालक्ष्मी और माता रानी प्रमुख रहीं। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और बॉम्बे नासिक ढोल की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। समाज के लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन कर रहे संदीप सिंघल ने विधायक के समक्ष नगर में अग्रसेन चौक के निर्माण एवं सामुदायिक भवन की स्थापना की मांग रखी। इस पर विधायक देवेंद्र कादियान ने समाज की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए दोनों मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राजकुमार अग्रवाल, कृष्ण जिंदल, प्रिया जिंदल, सीमा गोयल, राकेश जैन, श्वेत मित्तल, डॉ. मनोज कुमार, प्रेम चंद गोयल, सतीश जैन, विनोद गोयल सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### कांग्रेसियों ने महाराजा अग्रसेन को किया नमन

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस कमेटी, सोनीपत के नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में जिला सोनीपत के कांग्रेसजनों ने मुरथल रोड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर पहुंचकर महाराजा अग्रसेन को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत से जिलाध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व एचपीएससी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, प्रेम नारायण गुप्ता, पवन गर्ग प्रधान, प्रदीप गोयल, राजू गोयल, विपिन गुप्ता, अनुज गुप्ता, नरेश अरोड़ा, जयवीर आंतिल, प्रवीन कुमार, मनीष सैनी, राकेश सौदा, प्रेम रेलन, सूरज खत्री, इसाक अली, ओमकंवार जाबांज, कुलदीप खासा, राजेश मिड्ढा, विनित छिक्कारा आदि मौजूद रहे।